प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुख्यमंत्री

कांग्रेस का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन कल से गुजरात के अहमदाबाद में होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी इस अधिवेशन में शिरकत करेंगे। वे आज बाद दोपहर चंडीगढ़ से अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस अधिवेशन में मौजूद रहेंगे।

अनुराग ठाकुर

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर अंतर संसदीय संघ की असेम्बली में संसदीय संघ की लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी स्थायी समिति के निर्विरोध सदस्य बन गए हैं। दुनिया के चार देशों ने अंतर संसदीय संघ की इस सीट पर अपना दावा पेश किया था। लेकिन बैठक में भारत से अनुराग सिंह ठाकुर को निर्विरोध इस पद के लिए चुन लिया गया है। अंतर संसदीय संघ दुनिया भर के विभिन्न देशों के सांसदों का वैश्विक संगठन है जिसका उददेश्य अपने सदस्यों के बीच लोकतांत्रिक शासन, अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुददों पर सांसदों के बीच मित्रता, समझ और सहयोग स्थापित करके मंत्रियों सहित राजदूतों व अन्य अधिकारियों द्वारा अंतर–सरकारी स्तर पर संचालित अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को पूरक बनाना है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि श्रमिक वर्ग व उनके आश्रितों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भवन व अन्य निर्माण, कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा कई योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। चंबा के चुआड़ी में इस संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में गत वर्ष के दौरान कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत करीब एक करोड़ रूपए की धनराशि से लाभान्वित किया गया जो हर्ष का विषय है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करके लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और निवारक देखभाल के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, स्वास्थ्य दुनिया भर में एक सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में उभरा है।

वोकेशनल शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल शिक्षकों का शिमला में चल रहा रोष प्रदर्शन जारी है। वोकेशनल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अश्विनी धटवालिया ने कहा कि आंदोलन उस समय तक जारी रहेगा जब तक सरकार संघ की मांगों को नहीं मान लेती। धरने पर बैठे व्यवसायिक शिक्षक नीरज बंसल ने कहा कि वे सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के अधीन कार्य नहीं करना चाहते और केंद्र से आने वाला पैसा कंपनी को न देकर सीधे व्यावसायिक शिक्षकों को दिया जाए। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार प्रोवाइडर कंपनी को बाहर का रास्ता नहीं दिखाती है तब तक वे काम पर वापिस नहीं लौटेंगे।

इस बीच धरने पर बैठे शिक्षकों से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वे सरकार के समक्ष उनकी मांगों को रखेंगे ताकि समस्या का निदान हो सके।

प्रोत्साहन राशि

आयुष और युवा सेवायें व खेल मंत्री  यादविंदर गोमा ने कहा है सरकार खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कांगड़ा जिला के पंचरुखी के टटेहल में युवा क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबॉल ओपन टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि उन्होंने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोत्तरी कर ऐतिहासिक फैसला लिया है। इस मौके पर यादविंद्र गोमा ने खेल मानव जीवन का अहम हिस्सा है जिससे युवा नशे से दूर रहकर खुद को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बना सकता है।

मौसम

प्रदेश में अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में ही पहाड़ तपने शुरू हो गए हैं और मैदानी हिस्सों में गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। बीते 24 घंटों के दौरान ऊना 36 दशमलव 4 डिग्री सेलिसयस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इसी तरह सुंदरनगर का अधिकतम तापमान 34 दशमलव 3 और नाहन का अधिकतम तापमान 33 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में गर्मी का प्रभाव कई और शहरों में भी बढ़ेगा। आज से 9 अप्रैल तक प्रदेश के 4 जिलों कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सोलन के कुछ हिस्सों में गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 10 व 11 अप्रैल को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा व ऊंची चोटियों पर हिमपात होने की संभावना है।